राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–91/2026

बिहार लोक भवन में गुजरात राज्य के स्थापना दिवस का आयोजन किया गया

पटना 24 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत गुजरात राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा वहाँ के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं इस राज्य की प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुजरात का विकास मॉडल पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। वर्ष 2001 में भुज में आए विनाशकारी भूकंप से भारी क्षति होने के बावजूद गुजरात ने अद्भुत धैर्य और संकल्प का परिचय दिया तथा विकास की राह पर निरंतर अग्रसर रहा। राज्य ने आपदा प्रबंधन और उससे निपटने की प्रभावी तैयारी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि गुजरात राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। प्राचीन काल का लोथल नामक महत्वपूर्ण बंदरगाह भी गुजरात में स्थित है। राज्य में अनेक नए शहरी केंद्र विकसित हुए हैं, जो इसकी तीव्र आर्थिक और औद्योगिक प्रगति के प्रतीक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि गुजरात का प्रवासी समुदाय (डायस्पोरा) विश्वभर में फैला हुआ है, किंतु विदेशों में रहने के बावजूद वहाँ के लोगों ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखा है। गुजरात के प्रसिद्ध गरबा नृत्य को उसकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और परंपरा के लिए यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल किया गया है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गुजरात के माननीय राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया तथा गुजरात की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के अध्यक्ष श्री रवि मनुभाई परमार, लघु जल संसाधन विभाग के सचिव श्री बी० कार्तिकेय धनजी एवं अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार में रहकर पढ़ाई कर रहे गुजरात के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे वहाँ के महानुभावगण एवं उनके परिजन तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....